## 2 मार्च को पूर्णिमा की मध्य रात्रि को होगा होलिका दहन

मुरादाबाद। राष्ट्रीय पुजारी परिषद की टोली की बैठक संरक्षक आचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद कोठारी के निवास राम गंगा बिहार स्थित आवास पर हुई। जिसमें शास्त्र अनुसार निर्णय लिया गया कि 2 मार्च पूर्णिमा की भद्रापुझल मध्य रात्रि 1.30 से 4.00 बजे तक होलिका दहन किया जाएगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण रहेगा मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। शाम को 7.00 के बाद खुलेंगे इसलिए रंग धुलैंडी 4 मार्च को होगा। बैठक में राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संरक्षक आचार्य डॉक्टर जगदीश प्रसाद कोठारी संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तौगी, महानगर की उपाध्यक्ष आचार्य पंडित विनीत शर्मा, पंडित नवल स्वरूप अवस्थी पुजारी माता मंदिर लाइन पार ,महामंत्री पंडित सतीश खंडूरी पुजारी शक्ति लोक शिवालय ,ज्योतिष आचार्य विजय कुमार दिव्य उपस्थित रहे ।

# उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरें

## इनरव्हील क्लब ने प्रेरणा स्कूल के बच्चों संग मनाई होली



मुरादाबाद। इनरव्हील क्लब मुरादाबाद ईस्ट द्वारा सामाजिक सरोकारों की कड़ी में आज झांझनपुर स्थित प्रेरणा स्कूल में होली मिलन समारोह का अत्यंत भावपूर्ण आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की सदस्याओं ने स्कूली ब'चों के साथ न केवल गुलाल लगाकर होली मनाई, बल्कि उन्हें उपहार भेंट कर त्यौहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब प्रेसिडेंट वीना रस्तोगी ने की, जिनके द्वारा ब'चों को होली के लिए गुलाल, बलून, मास्क के साथ-साथ ताजे अंगूर और संतरे वितरित किए गए। बच्चों के उत्साह को दोगुना करने के लिए पीडीसी अनिता गुप्ता द्वारा 11 हजार रुपये की गुझिया व अन्य मिष्ठान भेंट किए गए। समारोह को और भी खास बनाने के लिए सपना अग्रवाल की ओर से बच्चों को पिज़्ज़ा खिलाया गया, जिसे पाकर ब'चे बेहद आनंदित दिखे। वहीं, प्राची दीक्षित द्वारा ब'चों को रंग-बिरंगी होली कैप, चिप्स और कुरकुरे के पैकेट बांटे गए। गीता अग्रवाल के विशेष सहयोग से पूरे सेलिब्रेशन का संचालन और आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान क्लब प्रेसिडेंट वीना रस्तोगी ने कहा कि ब'चों के साथ त्योहार मनाना हमें आत्मिक शांति देता है। हमारा उद्देश्य इन ब'चों के जीवन में रंगों की फुहार लाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं और मार्गदर्शक मुख्य रूप से उपस्थित रहीं, जिनमें क्लब प्रेसिडेंट वीना रस्तोगी, पीडीसी ममता गर्ग, शालिनी भारद्वाज, सपना अग्रवाल, सरिता लाल, अनीता अग्रवाल, गीता अग्रवाल, दीपमाला त्यागी, आदि उपस्थित रहीं। सभी ने बच्चों को सुरक्षित और भाईचारे वाली होली मनाने का संदेश दिया।

## धूमधाम से निकला रंग एकादशी का जुलूस

मुरादाबाद। महानगर में रंग एकादशी का जुलूस परम्परागत ढंग से निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों एवं शोकाकुल परिवारों के सदस्यों ने भाग लिया। झांकियां भी आकर्षण का केन्द्र रहीं। राष्ट्रीय पर्व होली समिति के तत्वावधान में रंग एकादशी का जुलूस खत्री धर्मशाला से प्रारम्भ हुआ, जो महानगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुलिस चौकी के समीप सम्पन्न हुआ। रंग एकादशी के जुलूस में श्रीराम नवमी कमेटी के चेयरमैन राजेश रस्तोगी, महामंत्री पीयूष गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, शहर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, अरविन्द अग्रवाल जौनी, राजेन्द्र अग्रवाल, जुगनू जादूगर, धर्मेन्द्र यादव, मनोज व्यास, मुख्य आयोजन डा. एके टंडन, वैभव गोयल, श्याम खत्रा (सम्पादक), डॉ. मनोज रस्तोगी, अरुण गोयल, डॉ. प्रशान्त गुरु, मनोज गुप्ता एडवोकेट, महेन्द्र सिंह बब्बू, अतुल गुप्ता, विपिन गुप्ता, अंशुल गर्ग, देवेश वशिष्ठ, शिव कुमार सिंह, अरविन्द अग्रवाल जौनी, बाबा संजीव आकांक्षी, मनीष ुरी,सुभाष चन्द्र गुप्ता, चन्द्र शेखर शर्मा, सुरेश शुक्ला, आचार्य धीरशान्त दास, निमित जायसवाल, विचित्र कुमार शर्मा, कमल कुमार शर्मा, अतुल कुमार जौहरी, काव्य सौरभ जैमिनी, अजय अग्रवाल, श्याम बिहारी शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। दूसरी ओर आज अधिवक्ताओं ने जजी परिसर में होली खेली। गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनायें प्रदान की। न्यायिक स्टाफ ने भी पूरा सहयोग किया। होली पर्व मनाने में अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता, अजय बंसल, आवरण अग्रवाल, दिलीप झा, प्रदीप सिन्हा बबली, राजेश वशिष्ठ, दीपक बजाज, प्रभात गोयल, महेश चन्द्र त्यागी, अजय उर्फ अतुल खोती, विनोद विग, आदीश कुमार जैन, मोहित शर्मा आदि मुख्य रहे।

# शरई मालदार मुसलमान पर ज़कात फ़र्ज़ अदा करने में न करे देरी- अहसन मियां



बरेली।

## दूसरे जुमे पर मस्जिदों में अदा की गयी नमाज़।

पाक माह रमज़ान का आज दूसरा दूसरा जुमा और नौवां रोज़ा था। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र पुराना शहर,किला,जखीरा,जसोली,बाकर गंज,हुसैन बाग, आज़म नगर आदि में सुबह से ही रोज़ेदार नमाज़ की तैयारियो में लगे रहे। जुमा की मुख्य नमाज़ किला की शाही जामा मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे (1.30 बजे) अदा की गई। यहाँ भारी संख्या में नमाज़ियों ने शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम की इमामत में नमाज़-ए-जुमा अदा किया। इसके अलावा शहर की सभी प्रमुख दरगाहों,खानकाहों व मस्जिदों में दोपहर साढ़े बारह बजे से नमाज़ अदा करने का सिलसिला शुरू हुआ। दरगाह आला हज़रत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह प्रमुख हज़रत सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन मियां समेत सभी खानदान के बुजुर्गों ने सबसे आखिर में दोपहर तीन बजे रज़ा मस्जिद में नमाज़ अदा की। मुफ्ती ज़ईम रज़ा ने पहले खुत्बा पढ़ा इसके बाद नमाज़ अदा कराई। सभी के लिए खुसूसी दुआ की। यहाँ भी बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने नमाज़ अदा कर दरगाह पर हाज़िरी दी। नमाज़-ए-जुमा अदा करने के बाद दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि इस्लाम के पांच स्तंभ में एक ज़कात भी शामिल है। शरई मालदार मुसलमानों पर अल्लाह ने ज़कात फ़र्ज़ की है। उन्होंने मुसलमानों से जल्द से जल्द ज़कात व सदका ए फित्र की रकम अदा करने को कहा। ताकि ज़कात के मुस्तहिक लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सके। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों व परेशान हाल लोगों की मदद करने का नाम और बंदों को अल्लाह से सीधे जुड़ाव का महीना रमज़ान है। इसलिए इस माह में जो जरूरतमंद रिश्तेदार,पड़ोसी जो किसी से मांगते भी नहीं लेकिन बेहद मजबूर और जरूरतमंद होते है उनका खास ख्याल रखे। इसके अलावा शहर की सभी मस्जिदों के इमामों ने खुत्बे से पहले रोज़ा,नमाज़ व कुरान व ज़कात पर रौशनी डाली। दरगाह ताजुशशरिया, खानक़ाह -ए-नियाज़िया, दरगाह शाह शराफ़त अली मियां, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह वली मियां,दरगाह बशीर मियां, दरगाह वामिक मियां, सिविल लाइन्स की नौमहला मस्जिद, जसोली की पीराशाह मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, आजम नगर की हरी मस्जिद, पुराना शहर की मिर्जाई मसजिद, नूरानी मस्जिद, हबीबिया, मस्जिद बीबी जी आदि में भी बड़ी तादात में नमाज़ियों ने जुमा की नमाज़ अदा कर अल्लाह की बारगाह में दुआ की।

# डायट में दो दिवसी कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



फतेहपुर।

## नई शैक्षणिक रणनीति पर होगा मंथन

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के संदर्भ में दो दिवसीय कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। 27 से 28 फरवरी तक आयोजित इस कार्यशाला का संचालन प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक आरती गुप्ता के मार्गदर्शन में हो रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय सर्वेक्षण के निष्कर्षों को समझना, उनका विश्लेषण करना तथा जनपद स्तर पर प्रभावी शैक्षणिक कार्ययोजना तैयार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार मिश्र तथा प्रवक्ता श्रीमती वीणा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय संदर्भ समूह के सदस्य राधेश्याम दीक्षित एवं शैक्षिक संसाधन व्यक्ति संजय सिंह संदर्भदाता के रूप में उपस्थित रहे।

प्रारंभिक सत्र में विनय कुमार मिश्र ने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं प्रतिभागियों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में परख व्यवस्था की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा के लक्ष्य, पाठ्यचर्या, दक्षताएं तथा अधिगम परिणाम किस प्रकार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 की परख योजना इन्हीं आयामों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे विद्यार्थियों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति का आकलन संभव हो सके। आगामी सत्रों में जनपद फतेहपुर की परख रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों को परख संकेत पट पर उपलब्ध आंकड़ों को देखने एवं समझने की प्रक्रिया बताई गई। रिपोर्ट के आधार पर जनपद की शैक्षणिक उपलब्धियों तथा सुधार योग्य क्षेत्रों पर सामूहिक चर्चा की गई। समूहवार विचार-विमर्श के माध्यम से आगामी शैक्षणिक कार्ययोजना का प्रारूप तैयार किया गया। कार्यशाला में जनपद के सभी शैक्षिक संसाधन व्यक्तियों तथा नामित शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की और शिक्षण-अधिगम की गुणवत्ता सुधार के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। प्रथम दिवस सहभागिता, चिंतन और योजना निर्माण की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी एवं परिणामकारी रहा। द्वितीय दिवस में तैयार की गई कार्ययोजना को अंतिम रूप देकर उसके प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति निर्धारित की जाएगी, जिससे जनपद की शैक्षणिक गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## मुकीद बने भाकियू के प्रदेश सचिव



बहराइच। भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए जिले के विकास खण्ड जरवल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हसनापुर धवरिया निवासी मोहम्मद मुकीद सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद सईद को संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। मनोनयन पत्र जारी करते हुए उत्तर प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने और किसानों की आवाज बुलंद करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि मोहम्मद मुकीद सिद्दीकी अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए भारतीय किसान यूनियन (भानू) की नीतियों और सिद्धांतों पर निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे।

# सांसद बहराइच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई दिशा की बैठक

बहराइच।



जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, सांसद कैसरगंज करण भूषण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सहित निकायों के अध्यक्ष, प्रमुखगण, समिति के सदस्यगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण योजना गारण्टी की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिया गया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दे। इसी प्रकार उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देष दिया कि स्वयं सहायता समूहों की संख्यात्मक सूची एवं लखपति दीदियों की सूची भी उपलब्ध कराये जाने के भी निर्देष दिये गये। ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार का अधिक से अधिक कृषक लाभ प्राप्त कर सके। इसके लिए मण्डी सचिव को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा बाहरी मण्डी में उपज की बिक्री हेतु किसानों को सहयोग प्रदान करने के निर्देष दिये गये। उप निदेषक कृषि को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत भुगतान की गयी धनराषि व कृषको की सूची मा. जनप्रतिनिधियों के साथ साझा करने के निर्देष दिये गये। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की समीक्षा के दौरान सांसद द्वारा निर्देष दिया गया कि समस्त चिन्हित स्थानों पर षीघ्र से षीघ्र जन औषधि केंद्रों को संचालित कर आमजन को सभी अनुमन्य औषधियां उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने जन औषधि केन्द्रों पर वेण्डर नामित किये जाने के निर्देष दिये गये। बैठक के दौरान जिला दिव्यांगजन सषक्तिकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 03 व 25 दिसम्बर 2025 को विकास भवन व महराज सिंह इण्टर कालेज में दिव्यांगजनों को जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सहायक उपकरणों का वितरण कराया गया है। इस सम्बंध में सभी पात्र दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं से आच्छादित किया जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान सांसद डॉ. गोंड द्वारा सुझाव दिया गया कि जो मार्ग अतिआवश्यक है उनके प्रस्ताव की प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करा दी जाय। सांसद ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को ऋण दिलाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाया जाय तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय। बैठक के दौरान अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स, राष्ट्रीय पशु रोग नियमंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान, एकीकृत बाल विकास योजना, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 1.0, समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, ई-श्रम पोर्टल, अटल पेंशन योजना इत्यादि योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया कि सदन में प्राप्त हुए निर्देशों तथा सुझावों का आगामी बैठक से पूर्व अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इससे पूर्व डीएम व मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र द्वारा बैठक में आये हुए जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी ने किया। इस अवसर पर डीएफओ बहराइच सुंदरेषा व कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित, सीएमओ डॉ संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## चन्द्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

मुरादाबाद। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, महानगर मुरादाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु आयोजित की गई। ज्ञातव्य है कि आजाद जी परम देशभक्त, साहसी, निडर एवं वीर क्रांतिकारी थे। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी तथा अंग्रेजी शासन का हर स्तर पर विरोध किया। वे प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी थे। उनका शारीरिक स्वास्थ्य अत्यंत सुदृढ़ था। उनके व्यक्तित्व का प्रभाव ऐसा था कि विरोधी भी उनके सामने आने का साहस नहीं कर पाते थे। अंग्रेज उनके नाम मात्र से ही भयभीत हो जाते थे। उन्होंने मातृभूमि की सेवा को अपने जीवन का सर्वो'च लक्ष्य बनाया। वे सदैव हम सभी के हृदय में अमर रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रशेखर आजाद जी के चित्र पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ जोड़कर उनके प्रति श्रद्धा, वंदन एवं नमन व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. प्रदीप शर्मा, विमलेंद्र शर्मा विमल, सत्येंद्र शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, हितेश मिश्रा, राकेश शर्मा अमित शर्मा, राजू शर्मा, रणवीर शर्मा, आशुतोष शर्मा, विशाल शर्मा, प्रदीप प्रभाकर, दीपक शर्मा, संजय स्वामी आदि उपस्थित रहे।

